


## प्रथमः पाठः

# संस्कृत-वर्णमाला

वर्णमाला का अर्थ है– वर्णों (अक्षरों) का समूह (माला)। वर्ण भाषा की सबसे छोटी-इकाई होते हैं। इन्हें दो भागों में बाँटा जाता है– स्वर एवं व्यंजन। संस्कृत वर्णमाला में 13 स्वर और 33 व्यंजन होते हैं।

## स्वर

जिन वर्णों के उच्चारण में अन्य वर्ण की सहायता न लेनी पड़े, उन्हें **स्वर** कहते हैं। ये 13 होते हैं, जो निम्नलिखित हैं–

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ए ऐ ओ औ

स्वरों को निम्न प्रकार बाँटा गया है–

स्वर

| ह्रस्व | दीर्घ | संयुक्त |
|---|---|---|
| (अ, इ, उ, ऋ, लृ) | (आ, ई, ऊ, ॠ) | (ए, ऐ, ओ, औ) |



- संयुक्त स्वर दीर्घ स्वरों के अंतर्गत ही आते हैं।
- अब संस्कृत भाषा में 11 स्वरों का ही प्रयोग किया जाता है। 'ॠ' एवं 'लृ' स्वर का प्रयोग नहीं किया जाता है।

अ 


अश्वः – घोड़ा

आ 

आपणः – दुकान

इ 

इत्रम् – सुगंध

ई 

ईरनौका – मोटर बोट

उ 

उपवनम् – बाग

ऊ 

ऊर्णा – ऊन

ऋ



ऋषिः

ॠ


ॡ

ए

1


एकः – एक

ऐ



ऐरावतः – ऐरावत हाथी

ओ



ओष्ठः – होंठ

औ



औषधम् – दवाई

## व्यंजन

जिन वर्णों के उच्चारण में हमें किसी स्वर वर्ण की सहायता लेनी पड़े, उन्हें व्यंजन कहते हैं। ये 33 होते हैं, जो निम्नलिखित हैं–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कवर्गः | क् | ख् | ग् | घ् | ङ् |
| चवर्गः | च् | छ् | ज् | झ् | ञ् |
| टवर्गः | ट् | ठ् | ड् | ढ् | ण् |
| तवर्गः | त् | थ् | द् | ध् | न् |
| पवर्गः | प् | फ् | ब् | भ् | म् |
| × | य् | र् | ल् | व् | × |
| × | श् | ष् | स् | ह् | × |

व्यंजनों को तीन भागों में बाँटा गया है–

व्यंजन

- स्पर्श व्यंजन (क् से म् तक)
- अन्तःस्थ व्यंजन (य्, र्, ल्, व्)
- ऊष्म व्यंजन (श्, ष्, स्, ह्)

क्




काकः – कौआ

ख्



खगः – पक्षी

ग्



गजः – हाथी


घ्



घण्टिका – घंटी

ङ्

च्



चन्द्रः – चाँद

छ्




छात्रः – विद्यार्थी

ज्



जालम् – जाल

झ्



झरः – झरना

ञ्

ट्



टोपिका – टोपी

ठ्



ठालिनी – करधनी

ड्



डालिमः – अनार

ढ्



ढौलः – ढोल


ण्

त्



तरुः – पेड़

थ्



थः – पहाड़

द्




दुग्धम् – दूध

ध्



ध्वजः – (झंडा)

न्




नौका – नाव

प्




पुष्पम् – फूल

फ्

फलम् – फल

ब्

बकः – बगुला


भ्

भल्लुकः – भालू

म्

मेघः – बादल

य्

याचकः – भिखारी

र्


रूप्यकम् – रुपया

ल्

लेखनी – कलम

व्


वानरः – बन्दर


श्

शुकः – तोता

ष्

षण्डः – साँड

स्

सेवम् – सेब

ह्

हंसः – हंस



- प्रत्येक व्यंजन स्वर रहित होता है इसलिए उसके नीचे हलंत ( ् ) का चिह्न लगा होता है।
- जब किसी व्यंजन में स्वर प्रयुक्त होता है, तो हलंत ( ् ) चिह्न का लोप हो जाता है।

## अयोगवाह

जो वर्ण न स्वर होते हैं और न व्यंजन, उन्हें अयोगवाह कहते हैं। ये दो होते हैं, 'अनुस्वार' और 'विसर्ग'। इनका स्वतन्त्र रूप से प्रयोग नहीं होता है। इन्हें '—ं' तथा ':' चिह्नों से प्रकट किया जाता है।

## संयुक्त व्यंजन

जो व्यंजन दो व्यंजनों को जोड़कर बनाए जाते हैं, उन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं। ये निम्नलिखित हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्ष् = क् + ष्, | त्र् = त् + र्, | ज्ञ् = ज् + ञ्, | श्र् = श् + र्, |
| द्य् = द् + य् | द्ध् = द् + ध्, | प्र् = प् + र्, | क्त् = क् + त् इत्यादि। |



संयुक्त व्यंजन संस्कृत वर्णमाला का भाग नहीं होते हैं, क्योंकि इन्हें दो व्यंजनों को मिलाकर बनाया जाता है।

## वर्ण-संयोजन या वर्ण-संयोग

स्वर एवं व्यंजन वर्णों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया को वर्ण्जा-संयोजन या वर्ण-संयोग कहते हैं। जैसे–

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज् | + | अ | + | ल् | + | अ | + | म् | | | | | | | | = | जलम् |
| क् | + | अ | + | म् | + | अ | + | ल् | + | अ | + | म् | | | | = | कमलम् |
| न् | + | अ | + | द् | + | ई | | | | | | | | | | = | नदी |
| प् | + | इ | + | त् | + | आ | | | | | | | | | | = | पिता |
| भ् | + | अ | + | ग् | + | इ | + | न् | + | ई | | | | | | = | भगिनी |

## वर्ण-विच्छेद या वर्ण-वियोजन

किसी शब्द में प्रयुक्त स्वर एवं व्यंजनों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया को वर्ण-विच्छेद या वर्ण-वियोजन कहते हैं। जैसे–

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धनम् | = | ध् | + | अ | + | न् | + | अ | + | म् | | | |
| पत्रम् | = | प् | + | अ | + | त् | + | र् | + | अ् | + | म् | |
| विद्या | = | व् | + | इ | + | द् | + | य् | + | आ | | | |
| प्रजा | = | प् | + | र् | + | अ | + | ज् | + | आ | | | |
| आम्रम् | = | आ | + | म् | + | र् | + | अ | + | म् | | | |

### विशेष

- वर्ण-संयोजन में स्वर एवं व्यंजन वर्णों का मेल होता है।
- स्वर एवं व्यंजनों के सार्थक समूह को 'शब्द' कहते हैं।
- स्वर एवं व्यंजनों को अलग-अलग करने पर वर्ण-विच्छेद होता है।



## अभ्यासाः (Exercises)

1. विकल्पेभ्यः उचितम् उत्तरं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत–
विकल्पों से सही उत्तर चुनकर रिक्त स्थान पूरे कीजिए–
*Choose the correct answer from the options and fill in the blanks.*

(*i*) संस्कृत वर्णमाला में कुल स्वर .......................... होते हैं।
(क) 11 ☐ (ख) 33 ☐ (ग) 13 ☐


(*ii*) अयोगवाह .......................... होते हैं।
(क) तीन ☐ (ख) पाँच ☐ (ग) दो ☐

(*iii*) जिन वर्णों के उच्चारण में अन्य वर्णों की सहायता न लेनी पड़े, उन्हें .................... कहते हैं।
(क) व्यंजन ☐ (ख) स्वर ☐ (ग) अयोगवाह ☐

(*iv*) स्वर एवं व्यंजनों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया को .................... कहते हैं।
(क) वर्ण-विच्छेद ☐ (ख) वर्ण-संयोजन ☐ (ग) हलन्त ☐

(*v*) 'य् र् ल् व्' व्यंजनों को .................... कहते हैं।
(क) ऊष्म व्यंजन ☐ (ख) अन्त:स्थ व्यंजन ☐ (ग) स्पर्श व्यंजन ☐

**2. अधोप्रदत्तवर्णान् उचितस्तम्भे लिखत–**
नीचे दिए गए वर्णों को उचित-स्तम्भ में लिखिए–
*Write the following letters in the correct coloumn.*




ऋ ए क् औ
ट् द् इ व्

स्वर ........ ........ ........ ........
व्यंजन ........ ........ ........ ........

**3. प्रदत्तपदानां हिन्दीपर्यायं विकल्पेभ्य: चित्वा लिखत–**
दिए गए शब्दों के हिंदी पर्याय विकल्पों से चुनकर लिखिए–
*Write the Hindi synonyms of the given words choosing from the options.*

(*i*) इत्र .................... (क) उपवन (ख) सुगंध (ग) ईंट
(*ii*) ऊर्णा .................... (क) बंदर (ख) ऊन (ग) गन्ना
(*iii*) सेवम् .................... (क) सेब (ख) मूली (ग) अनार
(*iv*) डालिम: .................... (क) फल (ख) संतरा (ग) अनार
(*v*) वानर: .................... (क) बंदर (ख) बगुला (ग) जानवर

**4. अधोलिखितानां चित्राणां नामानि मञ्जूषायाः चित्वा लिखत–**

निम्नलिखित चित्रों के नाम मंजूषा से चुनकर लिखिए–

*Write the names of the following pictures choosing from the box.*


| मञ्जूषा– | भल्लुकः, | जालम्, | अश्वः, | षण्डः, | टोपिका, | काकः |
|---|---|---|---|---|---|---|



(*i*) ..........................



(*ii*) ..........................



(*iii*) ..........................



(*iv*) ..........................



(*v*) ..........................



(*vi*) ..........................

**5. व्यञ्जनैः सह स्वरान् मेलयत–**

व्यंजनों के साथ स्वरों को मिलाइए–

*Join the consonants with vowels.*

(*i*) प् + इ = ..........................   (*ii*) त् + ऊ = ..........................

(*iii*) क् + ऋ = ..........................   (*iv*) न् + औ = ..........................

## क्रियाकलापाः (Activities)

**अपनी कक्षा में से पाँच वस्तुओं के नाम चुनिए तथा उनका वर्ण-विच्छेद कीजिए। जैसे–**

श्यामपट्टः = श् + य् + आ + म् + अ + प् + अ + ट् + ट् + अः

(*i*) .......................... ..........................................................

(*ii*) .......................... ..........................................................

(*iii*) .......................... ..........................................................

(*iv*) .......................... ..........................................................

(*v*) .......................... ..........................................................